मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 08/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -201/2024
08 अगस्त 2024
परिसदन भवन , जमशेदपुर
=========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज जमशेदपुर परिसदन भवन में कोल्हान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी लोगों ने राज्य सरकार द्वारा विगत 7 अगस्त 2024 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालयों सहित) के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के सन्दर्भ में ज्ञापन भी सौंपा।

इस अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर अशोक कुमार रावानी, जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉक्टर अमर सिंह, कोल्हान विश्वविद्यालय

प्रतिनिधि (जुटान) डॉ. स्वाति सोरेन, एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर संजय यादव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पी.के सिंह मौजूद थे।

=========================

TeamPRD(CMO)